एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
# अमृत विचार
| बरेली | बुधवार, 9 सितंबर 2026

**PAGE NO. 6: BOTTOM**

## साइबर हैक हैकाथॉन में एसआरएमएस सीईटी की टीम प्रथम



बरेली, अमृत विचार : साइबर हैक हैकाथॉन में एसआरएमएस सीईटी की कोड रेड टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम को 21000 रुपये का पुरस्कार मिला। दूसरे स्थान पर सीईटीआर की साइलेंट शेल व तीसरे स्थान पर सीईटीआर की कंट्रोल अंडर स्कोर सी- वी टीम रही। सीईटी की बाइटरश व सीईटीआर एवं सीईटी की टीम कोड नोवा को संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार मिला। श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग टेक्नोलाजी एंड रिसर्च में आयोजित दो दिवसीय साइबर हैक हैकाथॉन की कंवीनर डा.मानवी मिश्रा ने बताया कि कुल 50 टीमों ने वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल सुरक्षा की चुनौतियों पर प्रेजेंटेशन दिया और सिक्योरिटी बेस्ड समाधान दिए। कोआर्डिनेटर प्रमोद कुमार मौर्या ने आभार जताया। संचालन असिस्टेंट प्रो. इमाना अजरम ने किया। जीसीएस काउंसिल के निदेशक विशाल गौड़, सीएमओ उदित नारायण गौड़, इफाम हुसैन जैदी, साइबर एक्सपर्ट अर्जुन कालरा, एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल प्रो. प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार, डा. शैलेश सक्सेना मौजूद रहे।

Bareilly, Wednesday, 9 September 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10
# दैनिक जागरण inext

**PAGE NO. 4: BOTTOM**

## कोड रेड ने साइबर हैकाथान में फर्स्ट

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (8 Sep): एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलाजी एंड रिसर्च (सीईटीआर) की टीम कोड रेड ने दो दिवसीय साइबर हैकाथान में प्रथम स्थान प्राप्त किया और 21,000 रुपये का नकद पुरस्कार जीता. दूसरे स्थान पर रही साइलेंट शेल टीम को 15,000 रुपये और तीसरे स्थान पर आई टीम कंट्रोल अंडर स्कोर सी अंडर स्कोर वी को 11,000 रुपये का पुरस्कार मिला. बाइटरश और कोड नोवा टीम ने सांत्वना पुरस्कार के रूप में 5000-5000 रुपये हासिल किए. यह हैकाथान मंगलवार को समाप्त हुआ.